Sahakar Taxi Cooperative Limited and Thane Municipal Corporation Sign MoU to Promote Smart, Sustainable and Organised Urban Mobility in Thane

Partnership to enable safe, app-based, cashless taxi services and strengthen last-mile connectivity across Thane

Thane | July 23, 2026

In a significant step towards strengthening urban mobility infrastructure, Sahakar Taxi Cooperative Limited (STCL) signed a Memorandum of Understanding (MoU) with Thane Municipal Corporation (TMC) to promote safe, organised, and technology-enabled taxi services across Thane.

The collaboration establishes a framework for providing app-based, cashless taxi services and improving first-mile and last-mile connectivity at key civic and transit locations across the city. The initiative aligns with TMC's vision for Smart City development and sustainable green mobility solutions, while supporting the growth of a transparent and commuter-friendly transportation ecosystem.

In accordance with the MoU, Thane Municipal Corporation will facilitate access to required civic infrastructure, support branding and promotional activities, and provide a streamlined single-window permission process to enable the smooth implementation of Bharat Taxi services across designated areas. STCL will be responsible for operating the Bharat Taxi platform, managing service delivery, ensuring passenger safety standards, promoting the adoption of green mobility solutions through environmentally sustainable vehicle options, and bearing the operational and implementation costs associated with technology deployment, service management, and driver support.

The event was inaugurated by Hon'ble Chief Minister of Maharashtra, Shri Devendra Fadnavis, in the distinguished presence of Hon'ble Union Minister of State for Civil Aviation and Cooperation Shri Murlidhar Mohol, along with senior government officials, Members of Parliament, Members of the Legislative Assembly, representatives from the cooperative sector, distinguished dignitaries, and hundreds of Bharat Taxi Sarathis from across the state. The MoU signing ceremony was held in the esteemed presence of the dignitaries, marking a significant step towards fostering institutional collaboration for the seamless implementation and expansion of Bharat Taxi across Maharashtra.

The collaboration aims to enhance commuter convenience by providing reliable, transparent, and technology-driven transportation solutions while contributing towards a more efficient and sustainable mobility network in Thane.

This MoU marks another important milestone in STCL's mission to expand cooperative mobility solutions across Maharashtra by combining technology, institutional collaboration, and driver empowerment to create a trusted mobility platform for citizens.

About Bharat Taxi

Bharat Taxi (Sahakar Taxi Cooperative Limited) is a multi-state cooperative society of Sarathis built on the principles of fair earnings, shared ownership, and dignified livelihoods for drivers.

The platform is supported by leading national cooperative institutions, including National Cooperative Development Corporation (NCDC), Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited(IFFCO), Gujarat Cooperative Milk Marketing Federation (GCMMF), Krishak Bharati Cooperative Limited(KRIBHCO), National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India (NAFED), National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD), National Dairy Development Board (NDDB), and National Cooperative Exports Limited (NCEL).

Inspired by the vision of "Sahakar se Samriddhi" (shared prosperity through cooperation), Bharat Taxi aims to build a mobility system where drivers are not only service providers but also partners in the platform they support.

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड और ठाणे महानगरपालिका ने ठाणे में स्मार्ट, सतत एवं सुव्यवस्थित शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए

साझेदारी का उद्देश्य सुरक्षित, ऐप-आधारित एवं कैशलेस टैक्सी सेवाओं को बढ़ावा देना तथा ठाणे में अंतिम-मील कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना है

ठाणे | **23 जुलाई 2026**

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) ने शहरी गतिशीलता अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) के साथ ठाणे में सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी-संचालित टैक्सी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह साझेदारी शहर के प्रमुख नागरिक एवं सार्वजनिक परिवहन केंद्रों पर ऐप-आधारित एवं कैशलेस टैक्सी सेवाएँ उपलब्ध कराने तथा प्रथम-मील (फर्स्ट-माइल) एवं अंतिम-मील (लास्ट-माइल) कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए एक संस्थागत ढाँचा स्थापित करती है। यह पहल ठाणे महानगरपालिका की स्मार्ट सिटी विकास परिकल्पना एवं सतत हरित गतिशीलता समाधानों के अनुरूप है तथा पारदर्शी, विश्वसनीय एवं यात्री-अनुकूल परिवहन तंत्र के विकास को भी प्रोत्साहित करती है।

समझौता ज्ञापन के अनुसार, ठाणे महानगरपालिका आवश्यक नागरिक अवसंरचना तक पहुँच उपलब्ध कराने, ब्रांडिंग एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियों में सहयोग देने तथा निर्धारित क्षेत्रों में भारत टैक्सी सेवाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए एकल-खिड़की (सिंगल विंडो) अनुमति प्रक्रिया उपलब्ध कराएगी। वहीं, एसटीसीएल भारत टैक्सी प्लेटफ़ॉर्म के संचालन, सेवा प्रबंधन, यात्रियों की सुरक्षा संबंधी निर्धारित मानकों के पालन, पर्यावरण-अनुकूल वाहनों के माध्यम से हरित गतिशीलता समाधानों को बढ़ावा देने तथा प्रौद्योगिकी तैनाती, सेवा प्रबंधन और चालक-सहायता से संबंधित सभी परिचालन एवं कार्यान्वयन व्ययों का वहन करेगा।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। इस अवसर पर भारत सरकार के नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, सांसद, विधायक, सहकारिता क्षेत्र के प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि तथा राज्यभर से आए सैकड़ों भारत टैक्सी सारथी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में एमओयू हस्ताक्षर समारोह सम्पन्न हुआ, जिसने महाराष्ट्र में भारत

टैक्सी के निर्बाध क्रियान्वयन एवं विस्तार के लिए संस्थागत सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम स्थापित किया।

यह साझेदारी विश्वसनीय, पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी-संचालित परिवहन सेवाएँ उपलब्ध कराकर यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने तथा ठाणे में अधिक दक्ष, आधुनिक एवं सतत शहरी परिवहन नेटवर्क के विकास में योगदान देने के उद्देश्य से की गई है।

यह समझौता ज्ञापन महाराष्ट्र में सहकारिता-आधारित मोबिलिटी समाधानों के विस्तार के एसटीसीएल के मिशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पहल प्रौद्योगिकी, संस्थागत सहयोग एवं चालक-सशक्तिकरण को एकीकृत करते हुए नागरिकों के लिए एक विश्वसनीय, सुरक्षित एवं यात्री-केंद्रित मोबिलिटी प्लेटफ़ॉर्म के निर्माण को नई गति प्रदान करेगी।

भारत टैक्सी (सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड)

सारथियों (ड्राइवरों) की एक बहु-राज्यीय सहकारी संस्था है, जिसकी स्थापना न्यायसंगत आय, साझा स्वामित्व और ड्राइवरों के सम्मानजनक जीवनयापन के सिद्धांतों पर की गई है। यह मंच देश की अग्रणी सहकारी संस्थाओं के सहयोग एवं समर्थन से संचालित है, जिनमें नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NCDC), इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO), गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF), कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (KRIBHCO), नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (NAFED), नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD), नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB) तथा नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (NCEL) शामिल हैं।

"सहकार से समृद्धि" के विज़न से प्रेरित भारत टैक्सी एक ऐसे मोबिलिटी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहां ड्राइवर केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म के भागीदार और सह-स्वामी भी हों। संस्था का उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से सारथियों को आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर अवसर और दीर्घकालिक समृद्धि प्रदान करना है।